**B.A. (Honours) Examination, 2019**
**Semester-VI**
**Hindi**
**Course : H-15**
(आधुनिक कविता भाग-3)

**Time : 3 Hours** **Full Marks : 40**

Questions are of value as indicated in the margin

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2×8=16

क) किन्तु हम हैं द्वीप।
हम धारा नहीं हैं।
स्थिर समर्पण है हमारा
हम सदा से द्वीप हैं स्रोतस्विनी के।
किन्तु हम बहते नहीं हैं
क्योंकि बहना रेत होना है।
हम बहेंगे तो रहेंगे ही नहीं।

ख) दुःख नहीं, दुविधा नहीं,
सरलता पूर्वक निकले थे प्राण
सह न सकी आँत जब पेयिश का हमला।
सुनकर दहाड़
स्वाधीन भारतीय प्राइमरी स्कुल के
भुखमरे स्वाभिमानी सुशिक्षित प्रेत की
रह गये निरूत्तर
महामहिम नरकेश्वर

ग) उन्नीस वर्ष, उन्नीस शब्दों का श्लोक तो नहीं
जो कण्ठस्थ हो जाये
जिसे जपकर मैं उबर जाऊँ?

घ) पिता की आँखें—
लोहसाँय-सी ठण्डी शलाखें हैं।
बेटी की आँखें, आँखें नहीं
हाथ हैं, जो मुझे थामे हुए हैं।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए : 2×8=16

क) प्रगतिवादी काव्य प्रवृत्तियों के आधार पर नागार्जुन की कविताओं का मूल्यांकन कीजिए।

ख) पठित कविताओं के आधार पर अज्ञेथ के काव्य-सौन्दर्य का उद्‌घाटन कीजिए।

ग) 'सर्वेश्वरदयाल सकसेना की कविताओ में संघर्ष के चित्र मिलते हैं।' कथन की समीक्षा कीजिए।

घ) 'मोचीराम' कविता की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।